श्री बसन्त साठे (अकोला) : इस संयुक्त बैठक के बारे में एक मुख्य त्रुटि है। यदि हम इस त्रुटि को दूर नहीं करेंगे तो यह संयुक्त बैठक अनावश्यक अवैध और गैर-कानूनी बन जायेगी।

अनुच्छेद 108 (1) के अन्तर्गत राष्ट्रपति को दोनों सभाओं को एक संयुक्त बैठक में मिलाने के लिए आमंत्रित करने के अपने इरादे को अधिसूचित करना चाहिए। ऐसा तब भी किया जा सकता है जबकि दोनों

सभाओं का सत्र चल रहा हो। किन्तु पहला आदेश या पहली अधिसूचना आमंत्रित करने के बारे में होनी चाहिए। मैं जानना चाहता हूं कि वह संदेश कहां है जिसके द्वारा राष्ट्रपति दोनों सदनों की एक संयुक्त बैठक बुलाने के लिए आमंत्रित करना चाहते थे। अनुच्छेद 108(1) की शर्तों के अनुसार इसके लिए एक पृथक संदेश भेजा जाना चाहिए था।

श्री सी० एम० स्टीफ़न (इदक्की) : कल अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की "कि सभा कल 11 बजे तक के लिये स्थगित रहेगी और संयुक्त सत्र में मिलेगी तथा संयुक्त सत्र के पश्चात अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हो जायेगी" इस घोषणा से कठिनाईयां उत्पन्न हो गई। लोक सभा का सत्र तथा संयुक्त सत्र साथ साथ नहीं चल सकते। संयुक्त सत्र पृथक रुप से बैठना चाहिये और उसका लोक सभा या राज्य सभा के सत्र से कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये। अनुच्छेद 108 (5) का यही सिधान्त है।

यदि संयुक्त बैठक का लोक सभा तथा राज्य सभा के सत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है तो फिर आम लोक सभा की 11 बजे कैसे बैठक हुई है। उनका कहना यह है कि लोक सभा इस मामले पर राज्य सभा के सदस्यों से मिल रही है। लोक सभा अध्यक्ष की घोषणा के अनुसार मिल रही है। यह कोई संयुक्त बैठक नहीं है। यह राष्ट्रपति द्वारा बुलाई गई संयुक्त बैठक नहीं है। यह संयुक्त बैठक यहां नहीं हुई है। संविधान में इसके लिए कोई उपबन्ध नहीं है। अतः यह बैठक अवैध है।

(एक माननीय सदस्य मंच पर आए)

An honourable member came to the stage.

अध्यक्ष महोदय : पहली आपत्ति यह उठाई गई है कि जब दोनों सदनों का सत्र चल रहा है तो फिर दोनों सदनों का संयुक्त बैठक नहीं हो सकती। मेरी राय में इस कथन में कोई औचित्य नहीं है क्योंकि अनुच्छेद 108 के उपखंड (3) में विशिष्ठ रूप से यह कहा गया है कि "राष्ट्रपति अपनी अधिसूचना जारी करने की तिथि के पश्चात किसी भी समय अभिसूचना में निर्धारित उद्देश्य के लिए संयुक्त बैठक में भाग लेने के लिये दोनों सदनों को आमंत्रित कर सकता है" और यदि वह ऐसा करता है तो सभा तदनुसार बैठेगी। प्रत्येक सदस्य को आमंत्रण पत्र भेजे गये हैं। इसलिये दोनों सभाओं की संयुक्त बैठक कानूनी ढंग से बिठाई गई है।

दूसरा प्रश्न यह उठाया गया है कि केवल आमंत्रण पत्र जारी किए गए हैं और उसमें अनुच्छेद 108 के उपखण्ड (3) द्वारा निर्धारित राष्ट्रपति के इरादे की अभिव्यक्ति नहीं है। ऐसा लगता है कि इसे गलत ढंग से समझा गया है कि राष्ट्रपति ने पहले संयुक्त सभा बुलाने का इरादा अभिव्यक्त किया और उसके पश्चात् उन्होंने संयुक्त बैठक का आदेश दिया है। ऐसा सोचा गया है कि अनुच्छेद के आवश्यक उपबन्ध का अनुसरण नहीं किया गया है। मेरी यह राय है कि अनुच्छेद 108 के आवश्यक उपबन्ध का पूरी तरह पालन किया गया है।

यह कहना कि इस बारे में भेजे गए आमंत्रण पत्र में शब्दावली 1961 में भेजे गए आमंत्रण पत्र से भिन्न है संगत नहीं है। वास्तव में तथ्य यह है कि पहले के आमंत्रण पत्र में शब्दावली उचित नहीं समझी गई इसीलिए नई शब्दावली का उपयोग किया गया।

अन्य तर्क यह है कि राज्य सभा ने विधेयक को रद्द नहीं किया है। इस विधेयक में कोई विशेषता नहीं है। जब उसने विधेयक पर विचार करने से मना कर दिया तो इसका कानूनी पहलू यही है कि विधेयक को रद्द कर दिया है।

यह भी कहा गया है कि राष्ट्रपति को संयुक्त बैठक बुलाने के लिए गलत सलाह दी गई है और उनका आदेश अवैध है। यह मेरे निर्णय का प्रश्न नहीं है। यह निर्णय करना न्यायालय का काम है।

फिर एक बात यह भी कही गई कि लोक-सभा कल, आज 11 बजे समवेत होने के लिए स्थगित हो गई थी। अतः यह बैठक लोक सभा के ही क्रम में समझी जाए। मेरे आदेश का यह अर्थ लगाना गलत है। अपने उस आदेश में मैंने कहा था कि लोक सभा सदस्य संयुक्त बैठक के लिए मिलेंगे।

माननीय वित्त मंत्री : .(व्यवधान)... श्री माधवन कृपया अपने स्थान पर बैठिये मैंने आपको नहीं बुलाया है।

(व्यवधान)**

श्री के० के० माधवन : व्यवस्था का प्रश्न उठाने का मेरा अधिकार है। आप किसी सदस्य को कैसे रोक सकते हैं।

(व्यवधान)**

श्री सी० एम० स्टीफन : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है—(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : वह व्यवस्था का प्रश्न उठा रहे हैं—(**व्यवधान**)

श्री सी० एम० स्टीफन : मैं कभी भी अनावश्यक रूप से व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाता—(**व्यवधान**)

श्री के० के० माधवन : मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि यह बैठक पूर्व वक्ताओं द्वारा उठाई गई आपत्तियों के कारण आरम्भ से ही गैर-कानूनी है। न केवल यह बल्कि क्योंकि आमंत्रण पत्रों की वैधता और संवैधानिकता को ही ललकारा गया है इसलिए यह संयुक्त बैठक है ही नहीं।

अध्यक्ष महोदय : श्री माधवन द्वारा उठाए गए व्यवस्था के प्रश्न पर मेरा विनिर्णय लागू होता है।

श्री सी० एम० स्टीफन : सदनों की संयुक्त बैठकों पर लागू होने वाले नियमों के अधीन ऐसी किसी संयुक्त बैठक में सभा की प्रक्रिया ऐसे रूप-भेदों और संशोधनों सहित लागू होंगे जो अध्यक्ष आवश्यक अथवा उचित समझे। विधेयक को पास करने की प्रक्रिया के तीन चरण होते हैं अर्थात् पुरःस्थापन, विचार और इसे पास करना। हम इस समय विधेयक पर सीधे विचार करने के चरण में हैं जबकि विधेयक पुरःस्थापित करने की अनुमति सभा से नहीं ली गई है जो नियमानुसार नितान्त आवश्यक है।

राज्य सभा में विधेयक पर विचार किए जाने का प्रस्ताव अस्वीकृत हो चुका है। अतः जहां तक राज्य सभा का सम्बन्ध है राज्य सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 120 के अधीन इसे विधेयकों की पंजी में से हटा दिया गया था। अतः राज्य सभा में यह विधेयक लम्बित नहीं है। जहां तक लोक सभा का सम्बन्ध है यह विधेयक पास हो चुका है उसके बाद ही उसे राज्य सभा को भेजा गया। अतः लोक सभा को इस विधेयक के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं करनी है। यह विधेयक सभा अर्थात् लोक सभा या राज्य सभा में लम्बित विधेयकों की परिभाषा में नहीं आता है। विधेयक को सभा पटल पर रख देने से ही इस पर सभा न कोई कार्रवाई कर सकती और न विचार कर सकती है। यदि हम विधेयक को औपचारिक रूप से पुरःस्थापित किए बिना उस पर विचार आरम्भ कर दें तो यह नियमों का उल्लंघन होगा। अतः मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति अवश्य दी जानी चाहिए।

श्री भूपेश गुप्त : मेरे व्यवस्था के प्रश्न का सम्बन्ध श्री एच० एम० पटेल के प्रस्ताव से है। अपने प्रस्ताव में उन्होंने हमसे सितम्बर 1977 के अध्यादेश का निरसन करने का अनुरोध किया है। क्या मंत्री महोदय के लिए एक ऐसे अध्यादेश या कानून का निरसन करने के लिए संसद से कहना उचित है जो अस्तित्व में ही नहीं है? यह अध्यादेश लोक सभा के पिछले वर्ष के अन्तिम सत्र में रखा गया था। इस अध्यादेश को कानूनी रूप देने के लिए एक विधेयक पास किया गया। पारित किया गया विधेयक राज्य सभा में आया। राज्य सभा ने 8 दिसम्बर को उसे अस्वीकार कर दिया। जिस दिन लोक सभा में यह अध्यादेश रखा गया था उसे पहला दिन मान कर चलें तो छः सप्ताह तो पूरे हो चुके हैं। अतः अनुच्छेद 123 के अधीन यह सितम्बर 1977 तक तथाकथित विधेयक जिसे संसद के अधिनियम का दर्जा दिया जाना है व्यपगत हो चुका है।

**कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

**Not recorded

अध्यक्ष महोदय : एक बात यह कही गई है कि विधेयक को पहले सभा में पुरःस्थापित किया जाये तब बाद में उस पर विचार हो सकता है। लगता है कि इसके पीछे यह भावना है कि यह नया विधेयक है। सभा के समक्ष विचार के लिए लाये गये विधेयक में अनुच्छेद 108 के अधीन दो प्रक्रम है एक तो विचार दूसरा उस पर मतदान। पुरःस्थापन का उसमें प्रक्रम नहीं है। लेकिन यह एक नया विधेयक नहीं है। अतः यह तर्क स्वीकार्य नहीं है।

एक अन्य बात यह कही गई कि 19 सितम्बर 1977 को पास किया गया अध्यादेश तक लागू नहीं है और यह विधेयक पास करना व्यर्थ है। लेकिन यह धारणा भी ठीक नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 123 में राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गये अध्यादेशों के बारे में व्यवस्था दी गई है। अध्यादेश लोक सभा में 18 नवम्बर 1977 को रखा गया था अर्थात् लोक सभा की बैठक होने के छः सप्ताह के भीतर। अतः यह अनुच्छेद 123 के उप अनुच्छेद (2) के अधीन वैध है। ऐसा कोई संकल्प पास नहीं किया गया और यह विधेयक नियमानुसार है।

बैंककारी सेवा आयोग (निरसन) विधेयक
BANKING SERVICES COMMISSION (REPEAL) BILL

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि बैंककारी सेवा आयोग अधिनियम का निरसन करने वाले विधेयक पर लोक सभा द्वारा पारित किन्तु राज्य सभा द्वारा अस्वीकृत रूप में पर्यालोचन केप्रयोजनार्थ विचार किया जाये।"

इस विधेयक पर लोक सभा ने 5 दिसम्बर 1977 को विचार किया और इसे पारित किया। किन्तु राज्य सभा ने इस विधेयक का समर्थन नहीं किया और 8 दिसम्बर 1977 को उसे अस्वीकृत कर दिया।

सरकार का यह दृढ़ विचार रहा है कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों में एकल केन्द्रीकृत भरती अभिकरण के द्वारा कर्मचारियों की भरती किए जाने से भरती की प्रक्रिया अकुशल अनियंत्रित और बोझिल हो जायेगी और इसके इस क्षेत्र की बैंकों के लिए गंभीर परिणाम होंगे। इस प्रणाली से बैंकों के नियोजन में ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर समाज के अधिक कमजोर वर्गों के व्यक्तियों का न्यायपूर्ण और संतुलित प्रतिनिधित्व नहीं होगा।

अधिकांश अधिकारियों की भरती लिपिकों से चयन द्वारा की जाती है। अतः आरम्भ से ही लिपिकों की भरती की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए कि हमें आरम्भ से ही अधिकारी बनने के लिए होनहार लिपिक मिल सकें। इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि वे अपना कार्य कुशलतापूर्वक करें हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि देश के सभी प्रदेशों और भाषा समूहों के लोगों को भरती का अवसर मिले। इस समय देश में बैंकों की 11,000 शाखाएं हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। हमें इस बात की सावधानी बरतनी होगी कि ग्रामीण शाखाओं में ऐसे लिपिक और अधिकारी रखे जाएं जो उस क्षेत्र की भाषा को अच्छी तरह जानते हैं। यह केवल विकेन्द्रीकृत प्रणाली द्वारा ही किया जा सकता है।

सरकार ने इसी ध्येय से बैंककारी आयोग अधिनियम, 1975 का निरसन करने का निर्णय किया है। चूंकि इस विषय पर दोनों सभाओं में सहमति नहीं हुई अतः यह संयुक्त सत्र बुलाया गया है।

बैंकों में प्रतिवर्ष 15,000 से 20,000 लिपिकों और 1,500 से 2,000 अधिकारियों की भरती की जाती है। लिपिकों की यह संख्या अगले पांच वर्षों के समय में लगभग 40,000 प्रति वर्ष हो जायेगी। केन्द्रीयकृत व्यवस्था इतने बड़े पैमाने पर कार्य नहीं कर सकती और इस बात का भी आश्वासन नहीं होता कि सभी रिक्तियां समय पर भर दी जायेंगी।

लोकसभा में कुछ सदस्यों ने कहा था कि यह विधेयक बैंकों का राष्ट्रीयकरण समाप्त करने के लिए आरम्भिक कदम है। किन्तु यह सही नहीं है। 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण समाप्त करने का सरकार का कोई

इरादा नहीं है हम इस बात के लिए बहुत अधिक प्रयत्न कर रहे हैं कि सभी सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली जाएं और बैंकों से अधिक से अधिक मात्रा में ऋण अब तक उपेक्षित लोगों को मिले।

हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकें, इसके लिए यह आवश्यक है कि बैंक कर्मचारियों के दृष्टिकोण में परिवर्तन हो। हमारी भरती की प्रणाली भी स्थिति के अनुकूल होनी चाहिए। केन्द्रीकृत भरती की प्रणाली द्वारा बैंकों में नियुक्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों, के लोगों को पर्याप्त मात्रा में लेना सम्भव नहीं है। केवल विकेन्द्रीकृत प्रणाली से ही ऐसा किया जा सकता है। हमें यह मानना होगा कि संघ लोक सेवा आयोग सीमित क्षेत्र के लोगों, सीमित शिक्षा संस्थाओं, से ही भरती करता है। हम चाहते हैं कि बैंकों में सभी प्रदेशों और भाषा क्षेत्रों के व्यक्ति हों। यह केवल विकेन्द्रीकृत प्रणाली से ही हो सकता है।

सरकार द्वारा गठित बैंकरों की एक समिति ने भरती की एक वैकल्पिक कार्यविधि सुझाई है। इसके अनुसार बैंकों के समूह, जिनका प्रदेश में मुख्यालय होगा एक सामूहिक भरती व्यवस्था कायम करेंगे। इस प्रणाली से सामूहिक भरती के भी लाभ होंगे और विकेन्द्रीकरण के भी। बैंकों के सात समूह होंगे और कलकत्ता, मद्रास, बंगलोर, दिल्ली, और बम्बई के केन्द्रों में भरती की जायेगी। उप-केन्द्र भी बनाये जायेंगे। सरकार भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से इन बोर्डों को सामान्य मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी करेगी।

इसके लिए सांविधिक शक्तियों की आवश्यकता नहीं है। रेल सेवा आयोग भी सांविधिक निकाय नहीं है। इन भरती बोर्डों से हमारी बैंकों में उचित और निष्पक्ष रूप में भरती करने और सभी प्रदेशों के उम्मीदवारों को भरती के लिए अवसर देने का मूल उद्देश्य पूरा हो जायेगा।

यह आरोप लगाया गया है कि भरती बोर्डों की प्रणाली इसलिए बनाई गई है कि शासक दल के लोगों को प्रश्रय दिया जा सके। किन्तु अध्यादेश द्वारा बैंककारी सेवा आयोग को समाप्त करने के लिए अध्यादेश जारी करते समय केवल अध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में सोचा गया था, इस बारे में नहीं कि इसका गठन कैसा होगा, इसके कृत्य क्या होंगे। अतः यह आरोप बिल्कुल निराधार है। हम यह महसूस करते हैं कि बैंकों जैसे बड़े सरकारी उपक्रमों में केवल यही आवश्यक नहीं है कि भरती निष्पक्ष हो बल्कि इसे ऐसा प्रतीत भी होना चाहिए। इसीलिए स्वतन्त्र नियुक्ति बोर्डों की स्थापना का प्रस्ताव है। प्रस्तावित भरती बोर्डों के अध्यक्ष प्रख्यात व्यक्ति होंगे और सदस्य बैंकिंग, लेखा कार्य, प्रबंध आदि में अपेक्षित अनुभव रखने वाले व्यक्ति होंगे। बोर्ड के रोजमर्रा के कार्य में बैंकों के प्रबंधक हस्तक्षेप नहीं करेंगे और इस प्रकार भाई-भतीजावाद और कदाचार की कतई गुंजाइश नहीं होगी। हमारा मत है कि यह विकेन्द्रीकृत प्रणाली ही सबसे उपयुक्त है। उम्मीदवार अपने लिए बैंक चुन सकेंगे और प्रतिभाशाली कर्मचारियों को अखिल भारतीय स्तर पर पदोन्नति के लिए भी अवसर मिलेगा। इस प्रणाली में खर्च कम होगा और स्थानीय व्यक्तियों में से भरती की जा सकेगी।

अब मैं संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक द्वारा स्वीकृत किए जाने के लिए विधेयक को प्रस्तुत करता हूं।

अध्यक्ष महोदय: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

"कि बैंककारी सेवा अधिनियम का निरसन करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित किन्तु राज्य सभा द्वारा अस्वीकृत रूप में विचार किया जाये।"

अध्यक्ष महोदय: मैं अगले सदस्य को बुलाने के पहले यह बता देना चाहता हूं कि नेताओं की बैठक में यह निर्णय किया गया था कि विधेयक के लिए कुल छः घंटे नियत किए जाएं: इसमें से जनता पार्टी को 156 मिनट, जिसमें वित्तमंत्री का भाषण भी शामिल है, कांग्रेस (आई) को 43 मिनट, कांग्रेस को 35 मिनट, सी० पी० आई० (एम०) को 10 मिनट, ए० आई० एं० डी० एम० के० को 8 मिनट, सी० पी० आई० को 5 मिनट दिए गए हैं। और शेष को भी कुछ समय दिया जायेगा। अब मैं श्री कमलापति त्रिपाठी से भाषण देने का अनुरोध करता हूं।

SHRI KAMALAPATI TRIPATHI (U.P.) : Mr. Speaker, Sir, I want to oppose this Bill. This Bill is retrogade and reactionary. It has a political bias. This Bill has been introduced with an idea if not to reverse then at least check the smooth flow of the process than had developed after the nationalisation of the banks.

The Janata Government have made three big attempts to undo this measure. The Banking Service Commission Bill was enacted in 1975 and a Chairman of the Commission was appointed. To undo this measure, the Janata Party first issued an ordinance. There after a Banking Service Commission (Repeal) Bill was passed by the Lok Sabha. It was a second attempt. But the Rajya Sabha rejected this Bill. Now this is a third attempt when a Joint Session of both the houses has been called to get it passed on the strength of their majority. Such a big attempt is not necessary. It would have been better if the Government had allowed to get this (Repeal) Bill, whch had been rejected by Rajya Sabha, repealed.

In 1969 there was a split in Congress over some issues and the nationalisation of the banks was the main issue among them. Some persons within and outside the Congress opposed this measure. Inspite of all this the banks were nationalised.

There were certain motions underlying the nationalisation of banks. We were of the view that the capital deposted in the banks did not belong only to a few industrial families and monopolists, but the farmers, teachers, lawers and small industrialists had also deposited their money in the banks and as such the capital of the bank was the property of the whole nation. Our objective was that this money should be utilised for furthering the welfare schemes. Before nationalisation only 20-24 families had their control and monopoly over the banks and they were utilising the money for their own benefit. We wanted to rid the banks from their hold and to help the farmers, small industrialists, cottage and rural industries and students. It were they who wanted to stand on their fee and were in need of some help in the form of bank loans etc. Thus we could help removing poverty by creating more employment opportunities and helping people to stand on their feet who could make attempt to improve their standard of living by raising their income through increased production.

We worked with their objective for 4 or 5 years. But it was found that those who had been in control of the banks from pre-nationalisation period and the management that had continued from that time had not been able to change their earlier views and therefore they were not able to implement the new objectives. In this situation it was considered necessary that a Banking Service Commission should be formed so that nepotism and favouritism did not play its foul game in the services of the banks and persons having progressive ideas were recruited. With this objective in view, the Banking Service Commission Act came into existence and a Commission was appointed. Our attempts were to take away the power of recruitment in the banks from the monopoly houses and vest it in this impartial agency.

Moreover the notion of service commission is not novel for the country under the Constitution we appoint Service Commission. We are already having Union Public Service Commission the State Public Service Commissions and the Railway Service Commissions as well. True though it may be that Railway Public Service Commissions are not statutory bodies but in making recruitment of local people through decentralised method of recruitment they have been functioning very effectively. Banking service commission as already stated, was set up with the objective of recruiting persons having progressive ideas who could implement the policies underlying bank nationalisation. But through this (Repeal) Bill, the Janata Government want to vest the power of recruitment again in the hands of

those few people who still have some say in the affairs of the banks. It is thus a reactionary measure nd wuld retard the progress of the country. We had opposed this Bill in the Rajya Sabha and we still oppose it.

श्री आर० आर० मोरारका (राजस्थान) : अध्यक्ष महोदय बैंकों का राष्ट्रीयकरण 1969 में हुआ और तत्कालीन सरकार ने 1975 में बैंककारी सेवा आयोग की स्थापना के लिए पहली बार विधेयक प्रस्तुत किया। फिर भी फररी, 1977 तक इसकी कार्यान्विति नहीं हुई। तब चुनावों की घोषणा हुई और जल्दी में उन्होंने आयोग का गठन किया। किन्तु आयोग ने अपना कार्य नहीं किया है अतः राज्य सभा के विरोधी दल के माननीय नेता की यह कोरी कल्पना है कि भरती की नीति को क्षति पहुंचेगी और सभी बैंक फिर एकाधिकारी सदनों के आश्रय में चले जाएंगे। जब उपर्युक्त माननीय नेता सरकार में थे तब उनके दल का एकाधिकारी सदनों पर काफी अनुग्रह था और वस्तुतः उन्होंने इन सदनों को शक्तिशाली बनाया और प्रोत्साहित किया।

माननीय विरोधी दल के नेता ने कहा है कि रेल सेवा आयोग उचित रूप में कार्य कर रहे हैं। माननीय वित्त मंत्री ने भी अपने इस तर्क के समर्थन में कि विकेन्द्री करण बैंकों के हित में होगा इसी बात का उल्लेख किया है। माननीय वित्त मंत्री की यह योजना निश्चय ही देश में बैंकों के हित में होगी।

अध्यक्ष महोदय : आप दोपहर के भोजन के बाद अपना भाषण जारी रखें।

तत्पश्चात् संयुक्त बैठक 14.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई (दोपहर के भोजन के लिए)
संसद के सदनों की संयुक्त बैठक दोपहर के भोजन के बाद 14.00 बजे पुनः समवेत हुई

(उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

उपाध्यक्ष महोदय : श्री मोरारका अपना भाषण पुनः आरम्भ करें।

श्री आर० आर० मोरारका : मैं कह रहा था कि प्रस्तावित विकेन्द्रीकृत भरती बोर्ड ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं को अधिक कारगर और प्रयोजनपूर्ण ढंग से पूरा कर सकते हैं। केवल यही नहीं सरकार ने यह निर्णय किया है कि जून, 1978 के अन्त तक प्रत्येक सामुदायिक विकास खण्ड में बैंक खोल दी जायेगी। इस ग्रामीण सम्मान के कारण यह बहुत आवश्यक है कि हम ऐसी भरती नीतियाँ अपनाएं जो विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताएं पूरी करें।

राष्ट्रीयकरण के समय यह परिकल्पना की गई थी कि बैंकों का अपना पृथक अस्तित्व होना चाहिए इसीलिए सभी बैंकों का अलग इकाई बनाए रखा गया। मैं जानना चाहता हूं कि क्या किसी अन्य सराकारी क्षेत्र के निगम ने केन्द्रीकृत भरती नीति अपनाई है। राष्ट्रीय कपड़ा निगम, भारतीय कोयला निगम, इस्पात संयंत्र आदि का कार्य बहुत बड़े पैमाने पर होता है। किन्तु इनमें से किसी ने भी केन्द्रीकृत भरती नीति नहीं अपनाई है इसलिए इस बात का कोई कारण नहीं दिखाई देता कि केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए ही एक केन्द्रीकृत भरती निगम या आयोग की स्थापना क्यों की जाये।

4 दिसम्बर को राज्य सभा में वाद विवाद के दौरान श्री भूपेश गुप्त ने कहा था कि भरती नीति ऐसी होनी चाहिए कि गरीब वर्गों और प्रत्येक व्यक्ति को अवसर मिले और यह तर्कसंगत तथा निष्पक्ष होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने जो प्रस्ताव पेश किया है उससे ये अपेक्षाएं पूरी हो जाएंगी।

मैं माननीय वित्त मंत्री के सामने एक सुझाव रखना चाहता हूं। वष के अन्त में इन वोर्डों की रिपोर्ट संसद के सामने पेश की जानी चाहिए ताकि माननीय सदस्यों को उनकी जांच करने का अवसर मिल सके।

माननीय वित्त मंत्री के अनुसार बैंकों में लिपिकों की भरती लगभग पांच वर्ष बाद प्रतिवर्ष 40,000 तक पहुंच जायेगी। एक आयोग के लिए इतना कार्य बहुत अधिक है। यह विकेन्द्रीकरण के लिए एक और औचित्य है।

राष्ट्रीयकरण का एक उद्देश्य यह था कि बैंक कमजोर वर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताएं पूरी नहीं कर रहे थे। किन्तु यह उद्देश्य उस सीमा तक पूरा नहीं हुआ जितना हम चाहते थे। किन्तु अब जो उपाय किया जा रहा है उससे बैंकों के राष्ट्रीयकरण का वास्तविक उद्देश्य पूरी तरह प्राप्त कर लिया जायेगा।

श्री टी० ए० पाई (उदीपी) : बैंकों के लिए लोक सेवा आयोग स्थापित करने का सुझाव बैंकों के राष्ट्रीयकरण के अन्तर्गत नहीं था। बैंककारी आयोग ने इसकी सिफारिश की थी। भरती की प्रणाली के लिए प्रयास का अर्थ विकेन्द्रीकरण नहीं होगा। यदि राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य पूरा किया जाना है तो हमें इस बात पर विचार करना होगा कि राष्ट्रीयकरण से हमारा क्या अभिप्राय था। यह बैंक व्यवस्था का, बैंक के कर्मचारियों का राष्ट्रीयकरण था। बैंकों में किस प्राकार के लोग भरती किये जायें, इसका आधार अनुभव हो सकता है, शैक्षिक योग्यताएं नहीं। वस्तुतः सरकार की कठिनाई बैंकों में पहले से कार्य कर रहे लोगों के दृष्टिकोणों के बदलने के बारे में है।

राष्ट्रीयकरण के समय हमने इस बारे में बहुत कुछ कहा था कि प्रतिभूति इतनी महत्वपूर्ण नहीं जितना कि वह प्रयोजन जिसे पूरा किया जाना है। किन्तु आज भी बैंक प्रतिभूति मांगते हैं और प्रयोजन को अधिक महत्व नहीं देते। भरती के बारे में सरकार को बैंक प्रबन्धकों और कर्मचारी संघों से परामर्श करना चाहिए था क्योंकि राष्ट्रीयकरण के समय सभी कर्मचारी संघों का बहुत अधिक समर्थन प्राप्त हुआ था और बैंकों की ग्रामीण शाखाओं के कार्य के लिए वे सभी प्रकार की सहायता देने के लिए तैयार थे।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग ऐसे परिवारों से आते हैं जहां पहली बार शिक्षा प्राप्त हो रही होती है। वे ऐसे उम्मीदवारों से कैसे प्रतियोगिता कर सकते हैं जो शहरों से आते हैं और उन स्कूलों में पढ़ते हैं जहां प्रयोगशाला और पुस्तकालय की सुविधाएं हैं। मैं नहीं समझता कि यदि ग्रामीण लोगों के लिए कार्य करने के लिए ग्रामीण लोगों से ही भरती करनी आवश्यक है। आपको प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिनिधित्व देना होगा।

इस अधिनियम में यह अच्छी बात है कि अनुसूचित जातियों और अनुसुचित जनजातियों के लिए आरक्षण किए गए हैं। इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक आदेश आवश्यक होंगे। प्रशासनिक आदेश में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि किस प्रकार की भर्ती की जायेगी और किस प्रयोजनार्थ की जायेगी। इस मामले में बैंक प्रबन्धकों के अनुभव से लाभ उठाया जाना चाहिये था। इस बात की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि बैंकों का दलीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग किया जा सकता है। ग्राहकों पर भी अनावश्यक रूप से दबाव डाला जा सकता है। इन बातों की ओर आपको तुरन्त ध्यान देना होगा।

भर्ती के बारे में आपका सुझाव व्यवहार नहीं है क्योंकि बैंक अब प्रादेशिक नहीं रह गये हैं अपितु देश के सभी क्षेत्रों में उनकी शाखाएं हैं और कुछ बैंकों को मिलाकर क्षेत्रीय बोर्ड का गठन नहीं किया जा सकता। उत्तर प्रदेश, उड़ीसा या बिहार में भर्ती करनी हो तो कैसे की जाएगी। बैंकों में वेतन मान अच्छे होने के कारण आवेदन पत्र बहुत ही अधिक आते हैं। अतः कर्मचारियों की भर्ती करने में किस बोर्ड की सहायता ली जायेगी।

बैंकों ने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है तो यह आवश्यक है कि वे अपने आप को समय के अनुसार बदलें। राष्ट्रीयकरण से पूर्व बैंकों के विरुद्ध यह शिकायत नहीं थी कि वे कुछ लोगों की सहायता करते हैं अपितु उनके विरुद्ध यह शिकायत थी कि वे बहुत से लोगों को ऋण नहीं देते हैं। आज भी वही हो रहा है। अब समय आ गया है जबकि हमें इस बात की पुनरीक्षा करनी चाहिये कि बैंक प्रणाली को अधिक उपयोगी तथा उद्देश्यपूर्ण कैसे बनाया जा सकता है। कुछ लोगों ने विकेन्द्रीकरण के बारे में तरक दिये हैं। विकेन्द्रीकरण में इस प्रकार की संस्थाएं कागज पर ही काम कर सकती हैं परन्तु इससे प्रयोजन पूरा नहीं होगा। यह अनावश्यक है कि एक अखिल भारत नीति निर्धारित की जाये। यह अच्छी बात है कि सरकार ने रिजर्व बैंक तथा कुछ अन्य बैंकों से परामर्श करने का निश्चय किया है अपितु अधिक व्यापक स्तर पर परामर्श किया जाना चाहिये। आपको ऐसे लोगों की जरूरत है जो यह काम संभाल सकें और लोगों के साथ अच्छी तरह मिलजुल सकें। अतः एक अखिल भारतीय संस्थान के अस्तित्व से अथवा उसका सात बोर्डों में विभाजन करने से कोई

लाभ नहीं होगा जब तक कि इस बात की स्पष्ट रूप से व्याख्या नहीं की जाती कि इस उद्देश्य को किस प्रकार से पूरा किया जायेगा। सरकार को विपक्ष, इस देश की जनता, सभी बैंकों, बैंकों के कर्मचारियों, आदि को इस सम्बन्ध में राय लेनी चाहिये कि प्राप्त अनुभव को ध्यान में रखते हुए कौन सी प्रणाली सब से उत्तम होगी। इस देश में शक्तिशाली बैंक व्यवस्था की स्थापना करने के लिए ऐसा करना आवश्यक है। राष्ट्रीयकरण का यही स्वप्न था किन्तु इसमें सफलता नहीं मिली है।

SHRI GAURI SHANKAR RAI (Gajipur) : Mr. Dy. Speaker, I support the bill presented by Finance Minister . The leader of the opposition in Rajya Sabha Shri Kamlapati Tripathi was the first to take part in this Debate. He has termed this measure as a reactionary and a retrograde step but it is well known to everybody how he has changed his colour now because he has now altered the entire meaning of progressivism. He has all along been supporting monopoly houses but today he has become alergic to monopoly houses.

It is quite evident that no action had been taken till 1977 to implement the Banking Commission's Report as a result of which a legislation was enacted in 1975. Neither a Committee was set up, nor a Chairman or a Secretary could be nominated. No rules were framed during the period of two years.

The present Janata Government has decided to decentralise the administration of banking industry and seven centres are proposed to be set up to recruit staff. I suggest that it should be further decentralised and one centre should be set up in each state or in each district headquarters. The entire administration and the recruitment in banking industry should be decentralised to fulfil the hopes and aspirations of the people. The Janata Government deserves thanks that they have fixed the credit-deposit ratio to the minimum of 7 per cent for the first time. The present Government has for the first time reshaped the structure. They have also fixed a ceiling that it will not go higher than 10½ per cent. No interest will be charged on the amounts advanced to weaker sections and neglected sections in rural areas and the amount spent on tubewells, pumping sets, poultry and animal husbandry.

The Janata Party is committed to decentralisation in every field of administration. This Bill is a most practical and utilitarian measure and the out moded method of working of bureaucracy must be changed in a developing economy. To bring about uniformity, guidelines should be laid down to recruit staff. Efforts should be made to ensure that people of lower classes are also benefited. All of us should support this measure which aims at decentralisation of recruitment in banks.

श्री पी० राममूर्ति (तमिल नाडु) :उपाध्यक्ष महोदय, विपक्ष के नेता श्री कमलापति त्रिपाठी ने इस विधेयक को प्रतिक्रियावादी बताया है। मैं नहीं जानता कि आप प्रतिक्रियावादों का अर्थ समझते हैं। बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् इस देश में एकाधिकारवादियों के हाथों में धन का जमाव बढ़ गया है। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं। वर्तमान सामाजिक आर्थिक ढांचे में यदि 2000 रिक्तियां हों तो उनके लिए 21/2 लाख आवेदन पत्र आयेंगे। इस ढांचे के अन्तर्गत अगर बैंकों में नियुक्तियां की जानी हैं तो यह नियुक्तियां कैसे की जायेंगी और किसके द्वारा की जायेंगी। यही साधारण सी बात संसद के समक्ष है और इस विधेयक में हम इसी पर वाद-विवाद कर रहे हैं।

पहले विधेयक में यह व्यवस्था थी कि कुछ अधिकारियों की नियुक्ति करने का अधिकार एक केन्द्रीय आयोग को दिया गया था। वह एक केन्द्रीय आयोग देश भर के लोगों की कैसे नियुक्ति करता, यह बात मेरी समझ में नहीं आई है। न्याय कैसे किया जाता, यह बात भी मेरी समझ में नहीं आई है। अतः विकेन्द्रीकरण की आवश्यकता है अपितु, विकेन्द्रीकृत बोर्ड की नियुक्ति उपयुक्त नहीं है।

जहां तक बोर्डों की नियुक्तियों का सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध में विशिष्ट नियम बनाये जायें कि प्रत्येक श्रेणी में चाहे वह क्लर्कों की श्रेणी हो अथवा कनिष्ठ अधिकारियों की श्रेणी हो, उसमें हरिजनों तथा समाज के

कमजोर वर्गों के लिए कुछ प्रतिशत स्थान आरक्षित किये जायें। सांविधिक रूप से इसे निर्धारित किया जाना चाहिये। दूसरे, इन सांविधिक निकायों का गठन इन बैंकों के प्रबन्धकों के क्षेत्राधिकार से बाहर रखा जाना चाहिये और इन्हें केन्द्रीय और सम्बद्ध राज्य सरकारों के हाथ में रखा जाना चाहिये। राज्य सरकारों से इस मामले में परामर्श किया जाना चाहिए। मजदूर संघों जैसे कुछ सार्वजनिक निकायों से परामर्श किया जाना चाहिये और इस आधार पर वास्तव में योग्य तथा स्वतंत्र लोगों की नियुक्ति की जानी चाहिये।

यह परीक्षण सफल होगा अथवा नहीं, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मैं चाहता हूं कि इस पर चर्चा हो। इस प्रश्न पर बिना किसी राजनीतिक मतभेद के विचार किया जाना चाहिये और ऐसा करते समय लोगों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिये और इस आधार पर न केवल कनिष्ठ अधिकारियों अपितु वरिष्ठ अधिकारियों के लिए भी एक भर्ती नीति बनाई जानी चाहिये। इस बारे में अवश्य कुछ किया जाना चाहिये। केवल भर्ती के मामले में ही भाई-भतीजावाद नहीं चलता अपितु पदोन्नति के मामले में भी चलता है। अतः इन सभी मामलों में भाई भतीजावाद और पक्षपात को समाप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिये। इसी दृष्टिकोण से हमारे दल ने इस विधेयक का समर्थन करने का निर्णय किया है क्योंकि विकेन्द्रीकरण से कुछ हद तक लाभ होगा। अतः मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES) : Mr. Deputy Speaker, Sir, the opposition to this Bill which has emanated from some sections of the House is something that cannot be understood because it is a very simple and innocuous measure. The leader of the opposition in Rajya Sabha has called it retrograde and reactionary but if it is so, he should explain what are the progressive features of the old legislation that was enacted.

The Banking Commission submitted their report in 1972 and suggested the formation of a Central Commission for recruitment but no action was taken till June, 1974 and it was in August, 1975 that a legislation was enacted and only a chairman, a retired ICS, was appointed on 1st February, 1977 and thereafter this Commission has been in hybernation and it has not been able to do anything for the reason that here was a change in the Government and the people of the country decided otherwise.

आई० सी० एस० के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को चेयरमैन नियुक्त किया गया परन्तु आपका वह सेवा आयोग कहां है। कानून तो अगस्त 1975 में बनाया गया किन्तु 21 फरवरी, 1977 को एक सेवानिवृत्त आई० सी० एस० अधिकारी की नियुक्ति की गई। यदि बैंक कर्मचारियों के लिए भर्ती आयोग स्थापित करने के लिए बनाये गये कानून में कुछ भी प्रगतिशील नहीं था तो प्रगतिवाद कहां पर है? इस आयोग के नौ सदस्य हैं किन्तु एक की भी नियुक्ति नहीं की गई है। केवल चेयरमैन की नियुक्ति की गई और वह भी 21 फरवरी, 1977 को। मैं राज्य सभा में विपक्ष के नेता को बताना चाहता हूं कि बैंक कर्मचारियों के लिए भर्ती आयोग की स्थापना करने के लिए जो कानून बनाया गया है उसमें प्रगतिवादी कुछ भी नहीं है। हर वर्ष 2,000 कर्मचारियों की भर्ती की जाती है और अगले पांच वर्षों में इनकी संख्या 40,000 हो जायेगी। श्री पै ने बताया कि 2,000 पदों के लिए 2.5 लाख आवेदन-पत्र आते हैं और आयोग को हर वर्ष 20,000 लोगों की भर्ती करनी होगी जिसके लिए 25 लाख आवेदन-पत्र आयेंगे और आप यह काम दिल्ली में 8 सदस्यों के एक आयोग से करना चाहते हैं। यह प्रगतिवाद नहीं है। हमने उनका विकेन्द्रीकरण करने का निश्चय किया है। हम एक केन्द्रीय आयोग नहीं चाहते हैं। हम विकेन्द्रीकृत भर्ती निकाय बनाना चाहते हैं। (व्यवधान)

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
MR. SPEAKER *in the Chair.*]

विरोधी नेता के अनुसार यह प्रतिक्रिया है। अतः यह स्पष्ट है कि गतशील दशक के गत 10 वर्षों में शब्दों के अर्थ नहीं रहे और उन्हें तोड़ा-मरोड़ा गया है।

अध्यक्ष महोदय, विरोधी नेता ने आरोप लगाया है कि उन्होंने बैंक राष्ट्रीयकरण के माध्यम से जो कुछ किया था हम उसका उल्टा कर रहे हैं। कह कहना ठीक नहीं है कि प्रधान मंत्री ने 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण का विरोध किया था। 1948 में जब तथाकथित इस देश के बड़े समाजवादी राष्ट्रीयकरण के विरुद्ध थे और जब इस देश में राज्य परिवहन का राष्ट्रीयकरण करना पड़ा, उस समय श्री मोरारजी देसाई ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने बम्बई राज्य में सड़क परिवहन उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने का विरोध करने वाले निहित स्वार्थों को रोका।

राज्य सभा में विरोधी पक्ष के ताने यह कहते रहे हैं कि एकाधिकार गृहों को नहीं पनपने देंगे किन्तु हुआ इसके प्रतिकूल। 1969 और 1975 के बीच जब देश में तत्कालीन सत्तारूढ़ दल ने प्रगतिशील कदम उठाये तो देश में 21 एकाधिकारी गृहों की आस्तियां 2500 करोड़ रुपये से बढ़कर 4500 करोड़ रुपये हो गईं। हम इसे समाप्त करेंगे। हमें ऐसा करने से कोई नहीं रोक सकता।

हम ग्रामीण क्षेत्रों में धन ले जाना चाहते हैं। मार्च, 1977 तक तत्कालीन सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब से गरीब लोगों से धन एकत्रित किया और वह उस सारे धन को दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, बंगलौर, हैदराबाद, मद्रास और अन्य बड़े शहरों में ले आये। हमारी नीति यह है कि सारी राशि को ग्रामीण क्षेत्रों में ले जाया जाये ताकि इन क्षेत्रों का विकास किया जा सके।

श्री अरविन्द बाला पजनौर (पांडीचेरी) : मेरे नेता और तमिलनाडु के वर्तमान मुख्य मंत्री श्री एम० जी० रामचन्द्रन इस मामले पर सरकार का समर्थन करते हैं। हम किसी 'वाद' के समर्थन नहीं हैं। हम नारेबाजी में विश्वास नहीं रखते, इस सरकार को शेष अवधि के लिए बने रहने दिया जाये जिसके लिए इस देश के लोगों ने उन्हें सत्ता प्रदान की है।

मेरे विचार में बैंकिंग सेवा आयोग का निरसन करके सरकार देश में कोई भारी आश्चर्यजनक काम नहीं कर रही है। परन्तु हम इस समय सरकार के साथ हैं।

हमने पिछले सत्तारूढ दल का 30 वर्ष तक बिना किसी हिचक के समर्थन किया परन्तु हमने यह नहीं देखा कि वे हैं क्या। अब जनता पार्टी को अवसर दिया गया है, विधेयक के बारे में कोई ऐतिहासिक बात नहीं है। हमारा दल इस विधेयक के लिए सरकार का समर्थन करता है और यह आशा करता है कि केन्द्र इस संबंध में एक विधेयक लायेगा। सरकार ने ऐसा नहीं किया। सरकार को यथाशीघ्र यह विधेयक लाना चाहिए।

हम जनता पार्टी का समर्थन इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने हमें 19 महीनों के बाद आजादी दी है। हम आशा करते हैं कि सरकार लोगों की मूल आर्थिक समस्याओं को हल करेगी।

श्री प्रणव कुमार मुखर्जी (पश्चिम बंगाल) : उद्योग मंत्री ने प्रभावपूर्व वक्तव्य दिया है और वैसे ग्रामीण विकास के महत्व के सम्बन्ध में काफी कुछ कहा है लेकिन उनकी पार्टी के सत्तारूढ होने के बाद से अब तक एक भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित नहीं किया गया। ऐसा इसलिए हुआ कि माननीय वित्त मंत्री ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कार्यचालन की जांच करने के लिए एक समिति नियुक्त की है। रिजर्व बैंक द्वारा उत्तर-पूर्व क्षेत्र के बैंकों की समस्याओं का पता लगाने के लिए सितम्बर, 1976 में एक समिति गठित की गई थी। उसने अप्रैल, 1977 में सरकार को अपनी रिपोर्ट दी थी। समिति की सिफारिशों को कार्यरूप देने के लिए क्या किया गया है?

उद्योग मंत्री इस विधेयक को प्रगतिशील बता रहे थे। यदि उन्होंने विधेयक पर, जिसका वे निरसन करने जा रहे हैं, विचार किया होता तो उन्हें पता चलता कि केवल आयोग ही सारे देश में क्लर्कों तथा अधिकारियों की भरती नहीं करता। इसके लिए चार क्षेत्रीय बोर्ड हैं। इस विधेयक का निरसन करने के बजाय यदि इस बारे में इस आशय का एक ही संशोधन लाया जाता कि वे चार क्षेत्रीय बोर्डों के बजाय सात क्षेत्रीय बोर्ड—एक भारतीय रिजर्व बैंक के लिए तथा 6 बोर्ड शेष भारत के लिए—बना रहे हैं तो आसमान न टूट पड़ता।

उद्योग मंत्री महोदय की जानकारी के लिए मैं बता दूं कि जिस स्कीम को वे लागू कर रहे हैं, उसके अनुसार उत्तरी और मध्य भारत दोनों में ही भरती उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा तथा जम्मू और कश्मीर से भरती की जायेगी। इस समय वहां केवल 14,000 रिक्त स्थान हैं जबकि इसके विपरीत बम्बई, गुजरात क्षेत्र में 44,000 रिक्त स्थान होने की संभावना है। इन दोनों राज्यों के लोग 44,000 रिक्त स्थानों के लिए आवेदन कर सकेंगे जबकि उत्तर तथा मध्य भारत के लोग केवल 14,000 रिक्त स्थानों के लिए ही आवेदन कर सकेंगे। क्या यही विद्यमान भेदभाव को मिटाने का प्रगतिशील उपाय है?

वर्तमान सत्तारूढ़ दल अध्यादेशों के लिए पिछली सरकार की रोज निन्दा करता था, परन्तु अब वे स्वयं क्यों अध्यादेश ला रहे हैं? वे कुछ और समय के लिए प्रतीक्षा क्यों नहीं करते और अध्यादेश लाने के बजाय पूर्ण विधेयक क्यों नहीं लाते? सरकार आयोग में अन्य लोगों की नियुक्ति कर सकती थी। किन्तु तथ्य यह है कि वह बैंक के विद्यमान निदेशक मण्डल को शक्ति देना चाहती हैं। बैंकिंग सेवा आयोग को समाप्त करने का क्या औचित्य है?

दक्षिण राज्य में सेवारत एकक अत्यन्त महत्वपूर्ण बैंक सभी पदों पर न केवल दो या तीन जिलों से ही भरती कर रहा है अपितु वह एक विशेष जाति के लोगों की ही भरती कर रहा है। इस संदर्भ में एक प्रकार की समानता लाना आवश्यक समझा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी योजना बनाई गई है जिसमें भाई-भतीजाबाद की कोई गुंजाइश न हो यह देखा गया है कि यदि इस काम को करने वाले व्यक्ति संसद तथा जन प्रतिनिधियों के प्रति उत्तरदायी हैं तो वे सदैव ठीक ही होंगे।

वित्त मंत्री ने कहा है कि वह सात क्षेत्रीय बोर्ड बनाना चाहते हैं। वह एक क्षेत्र विशेष से भरती को सीमित कैसे कर सकते हैं? वे बैंकों के कार्यकरण का क्षेत्र सीमित नहीं कर रहे हैं। प्रत्येक राष्ट्रीयकृत बैंक, अनुसूचित बैंक और वाणिज्यिक बैंक का अपना अखिल भारतीय स्वरूप है। अतः सरकार यह कैसे कह सकती है कि वे किसी बैंक विशेष में सेवा करने के लिए किसी क्षेत्र विशेष से विशेष लोगों की भरती कर रहे हैं, जबकि सारे देश में बैंक कार्य कर रहे हैं? क्या वे बैंकिंग प्रणाली की भरती नीति में कुछ समरूपता नहीं लाना चाहते। सरकार जिस स्कीम को लागू कर रही है वह त्रुटिपूर्ण है क्योंकि इससे सीमित क्षेत्रों को अधिक अवसर मिलेंगे जहां पर किसी न किसी कारणवश बैंक खुले हुए हैं।

डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी (बम्बई उत्तर-पूर्व): मैं विधेयक का समर्थन करता हूं। बैंकिंग सेवा आयोग के निरसन से स्पष्टतः विकेन्द्रीकरण होगा जो स्वायत्तता का एक अंग है। हम इस स्वायत्तता को बनाये रखना चाहते हैं। यदि बैंकिंग सेवा आयोग समाप्त कर दिया जाता है तो कोई क्षति नहीं होगी।

पिछली सरकार द्वारा बैंकिंग सेवा आयोग बनाने का वास्तविक कारण पुलिस राज को मजबूत बनाना था जो आपात स्थिति में शुरू किया गया था। भूतपूर्व तानाशाह चाहती थी कि यह आयोग आर० ए० डब्ल्यू० तथा गुप्त पुलिस की सहायता करे और उन सभी लोगों को, जिनको वे महत्वपूर्ण पद देना चाहते थे, ऐसे पदों पर आसीन करे। अतः मुझे इस बात पर आश्चर्य हुआ है कि श्री प्रणव कुमार मुखर्जी ऐसा आयोग स्थापित करके भाई-भतीजावाद समाप्त किये जाने की बात कर रहे हैं।

पूर्ण व्यवस्था में समानता नहीं है। इस बैंकिंग सेवा आयोग ने स्टेट बैंक के सात सहायक बैंकों, विदेशी बैंकों, प्राइवेट बैंकों, औद्योगिक विकास बैंक, रिजर्व बैंक और औद्योगिक वित्त निगम को छोड़ दिया था।

चर्चा के दौरान यह कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई ग्रामीण बैंक नही नहीं खोले गये हैं। जब बैंक स्वयं ही समूचे भारत में अपनी शाखायें खोल रहे हैं तो फिर ऐसे बैंक खोलने की क्या आवश्यकता रह जाती है। इससे पहले ग्रामीण बैंकों की संख्या बैंकों की कुल संख्या का एक तिहाई हुआ करती थी। परन्तु जनता सरकार के एक वर्ष के शासन के दौरान गांवों में खोले गये बैंकों की संख्या दो-तिहाई हो गई है। सभी निदेशक बोर्डों का पुर्नगठन किया गया है। ऐसा पहले कभी नहीं किया गया था।

बैंकिंग सेवा आयोग 1969 तक नहीं बनाया गया था। इसकी स्थापना 1969 से 1975 तक के छः वर्षों के दौरान की गयी जिसमें बहुत से विपरीत कार्य हुए।

जनता सरकार ने आपात स्थिति के दौरान पारित किए गए एक ऐसे गलत विधेयक को ठीक कर दिया है जिसका उद्देश्य राज्य में पुलिस की शक्ति को सुदृढ़ करना और लोगों के रोजगार अवसरों में हस्तक्षेप करना था। हमने रोजगार अवसरों का समुचित ढंग से वितरण सुनिश्चित करने के लिए बैंकों के क्षेत्रीय समूहन की वैकल्पिक योजना भी प्रस्तुत कर दी है। इससे विभिन्न भाषा वर्गों के लोगों को बैंकों में रोजगार मिल सकेगा।

श्री देवेन्द्रनाथ द्विवेदी (उत्तर प्रदेश) : अध्यक्ष महोदय, इस विधेयक को प्रस्तुत करने का उद्देश्य तब तक सही तौर से समझा नहीं जा सकता जब तक कि जनता सरकार अपनी बैंकिंग नीति, आर्थिक नीति और अपनी विचारधारा को स्पष्ट न कर दे। जनता सरकार अब तक जिस नीति को लेकर उपस्थित हुई है उसमें परस्पर कई विरोधी बातें हैं।

बैंकिंग सेवा आयोग का गठन सारैया समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया था जिसकी नियुक्ति बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले की गयी थी। श्री सारैया ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण के तथ्य को दृष्टि में रखते हुए इस बात को समझ लिया था कि बैंक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए बैंक उद्योग में कार्य करने वाले बड़े से बड़े और छोटे से छोटे व्यक्ति को इस विचारधारा के अनुरूप होने की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। अतः उस समय यह सुझाव दिया गया था कि एक ऐसा आयोग बनाया जाये जोकि अखिल भारतीय स्तर के लोगों की भरती करे। अतः निष्पक्षता सोद्देश्यता, सक्षमता, व्यावसायिकता और एकरूपता के आधार पर भरती करने के लिए इस आयोग का गठन किया गया।

वित्त मंत्री ने दो तर्क प्रस्तुत किये हैं। एक तो यह कि इस केन्द्रीय भरती एजेंसी से बैंकों की स्वायत्तता में हस्तक्षेप किया जा रहा है और दूसरा तर्क यह दिया है कि केन्द्रीय भरती एजेन्सी बहुत जटिल है तथा उस पर नियंत्रण रखना कठिन काम है। लेकिन यह बहुत विशाल देश है। इसमें हमें अनेक ऐसे कार्य करने पड़ते हैं जोकि निश्चय कठिन तथा जटिल होते हैं। इसलिए ऊपर गयी दलीलें बहुत ठोस नहीं हैं।

आपने यह भी कहा है कि आप क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए यह चाहते हैं कि स्थानीय लोगों को ही भरती किया जाये। इसी को दृष्टिगत रखते हुए हमने क्षेत्रीय कार्यालयों और विभिन्न केन्द्रों पर क्षेत्रवार परीक्षा लेने की व्यवस्था की थी। अतः क्या सरकार ऐसी केन्द्रीय एजेन्सी के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करती जिससे कि बैंकिंग सेवा को अखिल भारतीय सेवा का स्वरूप दिया जा सके। यदि सरकार का यही सिद्धान्त है तो फिर संघ लोक सेवा आयोग को भी समाप्त कर दिया जाना चाहिये। एक तरफ तो आप विकेन्द्रीकरण की बात करते हैं और दूसरी तरफ बैंकों को स्वायत्तता प्रदान करने की बात करते हैं ?

बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पूर्व अलग-अलग बैंक अलग-अलग वर्गों के हितों को प्रश्रय दे रहे थे। राष्ट्रीयकरण द्वारा इस स्थिति को समाप्त कर दिया गया था परन्तु अब स्थिति कुछ और हो गयी है। बैंकिंग आयोग को समाप्त करके आप पहले वाली स्थिति को ही लौटा रहे हैं। इससे बैंकों का स्वरूप अखिल भारतीय नहीं रह जायेगा।

परन्तु यह सरकार का यह कदम अपने तरह का अकेला कदम नहीं है। हमें इस पर विचार करते समय प्राइवेट तथा विदेशी बैंकों के बारे में सरकार के रवैये को भी ध्यान में रखना होगा।

प्राइवेट बैंकों के राष्ट्रीयकरण के समय जिन व्यक्तियों को जिम्मेदार बनाया गया था आज उन्हीं लोगों को यह पता लगाने का काम सौंपा गया है कि क्या सरकारी क्षेत्र के बैंकों का देश के विभिन्न भागों में विस्तार किया जाये। वस्तुतः इस तरह सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का भविष्य प्राइवेट बैंकों के हितैषियों के हाथों में सौंपा जा रहा है। सरकार की इस बारे में कोई स्पष्ट नीति नहीं है। अतः सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के साधन के रूप में बैंकों की भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए वित्त मंत्री को अपनी नीति घोषित करनी

चाहिये और बताना चाहिए कि क्या वे विदेशी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जा रहे हैं या नहीं । सरकार को इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाना चाहिए और बैंकिंग सेवा आयोग के पुनर्गठन की बात स्वीकार कर लेनी चाहिए ताकि बैंकिंग व्यवस्था अपनी भूमिका निभा सके ।

श्री भूपेश गुप्त (पश्चिम बंगाल) : बैंककारी आयोग जिस रूप में गठित किया गया है, हमें उससे अथवा विद्यमान अधिनियम के उपबन्धों से कोई विशेष लगाव नहीं है ? वास्तव में इस अधिनियम में कुछ ऐसा सुधार किया जाना चाहिये ताकि बैंकिंग आयोग को अधिक विश्वसनीय और ग्राह्य संस्था बनाया जा सके जिससे अधिकारियों और कलर्कों की भरती अधिक अच्छे ढंग से की जा सके । लेकिन इसके बजाए सरकार इस आयोग को ही समाप्त कर देने का प्रस्ताव ला रही है जो एक अजीब सी बात है ।

जब बैंककारी आयोग अधिनियम 1975 में पारित किया गया था तो हम सबने—सरकार और विपक्ष सभी ने उसका समर्थन किया था । परन्तु आज हममें से कुछ ने अपना विचार बदल दिया है और बैंककारी आयोग अधिनियम तथा बैंककारी आयोग को समाप्त करने के लिये सरकार का समर्थन करने का फैसला किया है । क्या यह बेहतर होगा ? क्या इस प्रकार हम सुधार कर रहे हैं। मेरे विचार में यदि इस विधेयक को स्वीकार कर लिया जाता है तो स्थिति और भी खराब हो जायेगी ।

इससे भाई-भतीजावाद, पक्षपात, सदाचार और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा जोकि एकाधिकारवादी पूंजी और बैंकों के निदेशक बोर्डों में उनके प्रतिनिधियों के साथ अभिन्न तौर से सम्बद्ध है । यह विकेन्द्रीकरण न होकर भर्ती नीति को निर्धारित करने वाली एकाधिकारवादी पूंजी और उनके उन प्रतिनिधियों को संरक्षण, शह और बढ़ावा देना है जो कि विभिन्न निदेश बोर्डों में पदों पर बैठे हुए हैं और भरती की नीति निर्धारित कर रहे हैं। इस पर हमें आपत्ति है।

इस सब पर संसदीय और सांविधिक नियन्त्रण होना चाहिये जोकि ऐसे आयोग से हो सकता है जिसके एक समान मार्गदर्शी सिद्धान्त एक समान भरती की नीति हो परन्तु यह सब नहीं हो रहा है । हम इस स्थिति के खिलाफ हैं।

सरकार मार्गदर्शी सिद्धान्त देने की बात करती है परन्तु संसदीय नियन्त्रण और निरीक्षण के बिना ये सब बेकार हैं । इससे भर्ती के मामले में स्वच्छन्दता ही आयेगी क्योंकि पहले भी एक मामले में सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित पदों को इन जातियों के उम्मीदवारों से भरवाने में असफल रही है क्योंकि नियुक्ति का अधिकार प्रबन्धकों और निदेशक बोर्ड के हाथ में है ।

अन्त में, मैं यही कहना चाहूंगा कि हम इस विधेयक का विशेष विरोध करते हैं क्योंकि इससे स्थिति में कोई सुधार नहीं होगा । इससे वह चीज ही समाप्त हो जयेगी जिसमें और सुधार होना चाहिये था। भरती के मामले में ईमानदारी और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये हमें इसी प्रकार एक समरूप संस्था की आवश्यकता है । इस विधेयक से न केवल नियुक्ति और भर्ती के मामले में एकाधिकारवादियों और निहित स्वार्थों की स्थिति मजबूत होगी बल्कि बैंकों में क्लर्कों और अधिकारियों के रूप में अवांछनीय तत्व भी प्रवेश पा जायेंगे। हम सत्तारूढ़ दल के हितों की रक्षा करने की नीयत से लाये जाने वाले इस निन्दनीय, प्रगति विरोधी आपत्तिजनक और आवेशकारी विधान का कड़ा विरोध करते हैं ।

DR. MURLI MANOHAR JOSHI (Almora) : Sir, it is really surprising to hear a senior leader from Uttar Pradesh saying that this Bill is reactionary. He also said that the decision to nationalise the banks had been taken in 1969 at the Banglore Session of the Congress on the basis of its political and economic thinking.

[(अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)
H. D. S. *in the Chair.*]

We would like to remind him that this decision was taken on the basis of stray thoughts of an individual i.e. Smt. Indira Gandhi.

So far as this Bill is concerned, it has been said that the Government is going to entrust the power of the banks in the hands of a few directors. It has also been laid that they want to block the activities of the banks. Our reverend opposition leader Shri Chawan had stated in Lok Sabha that this Commission would lead to the cultural integration of the country but the banks are essentially concerned with currency and finance. Cultural integration is not their job. Let them do their work properly. Let them extend their services in the rural areas. And when the bank have to go to the villages, it is but natural that only those people who understand the language of village, will be able to serve the people living there. Here I want to emphasise that for the effective functioning of the banks, in ruarl areas, the people of that particular region should be recruited without any caste and creed considerations. While deciding about the recruitment procedure, suggestions from the opposition also may be invited and considered. The ankBing Commission cannot do this sitting in Delhi. If we want to improve the rural life of their country, these recruitments will have to be made according to the needs of that particular area. We shall have to bring forth only those people in the services of those rural banks who understand rural problems.

In the end, I would like to mention that, this Bill has been introduced to decentralise instead of centralising the activities of the banks. Naturally it is a step towards decentralisation.

With these words I would request to the members of the opposition not the obstruct the passage of the Bill and to withdraw their objections, if any.

श्री दाजीबा देसाई (कोल्हापुर) : : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय बैंककारी आयोग अधिनियम के मध्य से सरकार को बैंकों के कार्यकरण पर नियन्त्रण की शक्ति प्राप्त थी परन्तु अब उसका निरसन किया जा रहा है। लेकिन पिछली सरकार ने इस अधिनियम को कार्यान्वित नहीं किया क्योंकि उसने आयोग बनाने में और परिणामत: उसके कार्यकरण में विलम्ब किया और वर्तमान सरकार इस आयोग को समाप्त करना चाहती है। इस प्रकार वास्तव में इन दोनों सरकारों के सोचने में कोई अन्तर नहीं है क्योंकि दोनों ही चाहती हैं कि सरकार का बैंकिंग व्यवस्था पर कोई नियन्त्रण न हो।

जनता पार्टी ने सत्ता में आने पर अध्यादेश जारी करके बैंकिंग आयोग को ही समाप्त कर दिया जिसका अर्थ यह हुआ कि सरकार स्वतंत्र उद्यमों के पक्ष में है। यह विधेयक इसी नीति का अंग है। अत: हमारा दल इस विधेयक का विरोध करता है।

यदि केवल केन्द्रीयकरण की ही बात होती तो विधेयक में संशोधन करके इसका निराकरण किया जा सकता था। भरती एजेंसी के विकेन्द्रीकरण के लिये संशोधन विधेयक लाया जा सकता था। परन्तु ऐसा नहीं है। वस्तुत: यह प्रश्न सरकार का नियन्त्रण समाप्त करने का है। अत: मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं।

श्री सी० एम० स्टीफन (इदक्की) : माननीय सदस्यों से मैं अनुरोध करता हूं कि वे चाहे किसी भी दल से सम्बन्धित हों इस मामले में निष्पक्ष ढंग से सोचें।

इस मामले में एक बहुत ही विचित्र बात हुई है। सदन के अधिवेशन के लिये 17 सितम्बर को आमंत्रण जारी किये गये। उसके बाद 19 सितम्बर को जब सदन की बैठक होने वाली थी उस समय एक अध्यादेश जारी कर दिया गया। मुझे समझ नहीं आता कि इसकी ऐसी क्या जल्दी थी।

राज्य सभा द्वारा यह विधेयक अस्वीकृत कर दिये जाने पर यह संयुक्त अधिवेशन बुलाया गया है। क्या यह मामला इतने अधिक महत्व का है कि इसके लिये ऐसा किया गया? मुझे समझ नहीं आता कि इसमें कौन सा सिद्धान्त निहित है? वित्त मंत्री के अनुसार इसका प्रयोजन विकेन्द्रीकरण करना, ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ पहुचाना और समन्यायपूर्ण ढंग से भरती करना आदि है। विद्यमान अधिनियम में ये उपबन्ध पहले से ही हैं। अधिनियम की धारा 3 उपधारा (4) में व्यवस्था है कि आयोग केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से राज्य अथवा राज्यों के

समूह में अपने क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित कर सकता है। धारा 7(1) की व्यवस्था के अन्तर्गत आयोग अपने कृत्यों और शक्तियों का प्रत्यायोजित करके एक या एकाधिक समितियों का गठन कर सकता है ।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस अधिनियम में क्षेत्रीय कार्यालयों विभिन्न राज्यों में विभिन्न भाषाओं में परीक्षायें लेने, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के लिये विशिष्ट कोटा निर्धारित करने भरती के लिये परीक्षायें आयोजित करने उप-आयोग की नियुक्ति करने, आदि सभी उपबन्धों इसमें हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य बात जिसकी इस अधिनियम में व्यवस्था है वह यह है कि आयोग संसद् के प्रति उत्तरदायी है। इस अधिनियम में यह भी व्यवस्था है कि उसके उपबन्धों को अधिसूचना द्वारा अन्य बैंकों पर भी लागू किया जा सकता है । यह असुविधाजनक कैसे बन गया। अब इसे समाप्त करने की आवश्यकता क्यों पड़ी। इस अधिनियम में क्षेत्रीय प्रबन्ध की अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षण की तथा विभिन्न राज्यों में परीक्षा लेने की तथा विभिन्न क्षेत्रों से उप-आयोगों को सम्बद्ध करने की व्यवस्था है और यह सब बात आप भी करना चाहते हैं। जनता सरकार ने जो नई व्यवस्था की है वह प्रशासकीय प्रबन्ध है जो प्रशासक की मनमानी पर निर्भर करेगा। वह व्यवस्था से संसद् के प्रति उत्तरदायी नहीं होगी और उसे अन्य बैंकों पर भी लागू नहीं किया जा सकेगा। वरन वह केवल सरकारी क्षेत्र के बैंकों पर ही लागू होगी।

सरकार बैंकों को विभिन्न समूहों में बांट रही है :—पूर्वी समूह, दक्षिणी समूह आदि । क्या इससे लोगों को असुविधा नहीं होगी ? वर्तमान अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में परीक्षायें ली जायेंगी । चुने गये उम्मीदवारों के पूल बनाये जायेंगे तथा उन्हें विभिन्न बैंकों में भेज दिया जायेगा । वर्तमान सरकार इस स्वस्थ तथा सर्वांगपूर्ण व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है । यह देश के हित में नहीं होगा।

यह विधान प्रतिक्रियावादी कदम होगा क्योंकि इससे भरती की ऐसी व्यवस्था बन जायेगी जिसमें संसद् के प्रति उत्तरदायित्व की बात नहीं रहेगी और इसे अन्य बैंकों पर लागू करने की बा संभावना भी नहीं रहेगी। इस प्रकार यह एक प्रतिक्रियावादी कदम है ।

यह पूछा गया है कि सांविधिक आयोग क्यों आवश्यक है ? मैं उनसे यह प्रश्न करना चाहूंगा कि यदि सरकारी सेवाओं में नियुक्तियों के मामले में लोक सेवा आयोग आवश्यक है तो बैंकों के लिये भरती के प्रयोजन के लिये एक सेवा आयोग को वे क्यों आवश्यक नहीं समझते ? इससे अन्ततः यही निष्कर्ष निकलता है कि भरती की बेहतर व्यवस्था इसका प्रयोजन न होकर इसका प्रयोजन काफी गम्भीर है । इसका प्रयोजन संभवत : यह है कि बैंकों में किसी तन्त्र द्वारा वे अपने कुछ व्यक्तियों को नियुक्त करके अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ाना है।

इस सरकार में बैंकों के राष्ट्रीयकरण को समाप्त करने का साहस नहीं है किन्तु वे इसे परोक्ष रूप से करना चाहते हैं । बैंकों में अपने कुछ लोगों को नियुक्त करने और उनके माध्यम से वित्तीय मामलों का प्रबन्ध अपने हाथ में रखने का और उन लोगों को किसी के प्रति जवाब देय न बताने का यह दूसरा तरीका है। और इस प्रकार इसका उद्देश्य बैंकों के राष्ट्रीयकरण को समाप्त करना है।

उस चीज को निरस्त नहीं किया जा सकता जो पहले ही समाप्त हो चुकी है। इसका अर्थ यह है कि अध्यादेश द्वारा संसद् को धोखा दिया गया है। सरकार सीधा रास्ता अपनाकर संसद् के समक्ष आने को तैयार नहीं है । और अब वह यह चाहती है कि हम संयुक्त बैठक करके इस अधिनियम का निरसन करने की कार्यवाही पूरी करें जो पहले ही समाप्त हो चुका है । इन शब्दों में मैं विधेयक का विरोध करता हूं ।

श्री शंकर घोष (पश्चिम बंगाल) : उद्योग मंत्री ने कहा है कि इस विधेयक द्वारा वे उस चीज को समाप्त करना चाहते हैं जो हमने की थी । इस प्रकार इस विधेयक का उद्देश्य उस कार्य को समाप्त करना है जो हमने बैंकारी सेवा आयोग नियुक्त करके किया था । इस विधेयक द्वारा वे संसदीय नियन्त्रण और अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण के उपबन्ध जिनकी मूल विधेयक में व्यवस्था की गई थी समाप्त करना चाहते हैं। इस विधेयक द्वारा वास्तव में अखिल भारतीय स्तर पर निष्पक्ष भरती को समाप्त करने और जनता पार्टी के कुछ एककों द्वारा भरती नीति पर अपना नियंत्रण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है।

जहां तक बैंक के राष्ट्रीयकरण का सम्बन्ध है यह न केवल धन पर नियन्त्रण रखने के प्रयोजन से वरन् इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयोजन से भी किया गया था कि धन का निवेश कृषि क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा वरीयता प्राप्त क्षेत्रों में किया जाये। किन्तु सरकार जिस नीति का अनुसरण कर रही है उसके अनुसार उन्हें किसी बैंक द्वारा ऋण देने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी और इस प्रकार वह बैंक का राष्ट्रीयकरण समाप्त कर सकती है। छठी योजना के मसौदे में यह स्पष्ट कहा गया है कि जो उद्योग कुछ विशिष्ट उत्पादों के मामले में अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में प्रतियोगिता नहीं कर सकेंगे उन्हें बन्द कर दिये जाने की अनुमति दे दी जायेगी।

इस विधेयक को उस अध्यादेश का स्थान लेने के लिये लाया गया है जो विपक्ष से सलाह लिये बिना संसद् का सत्र आरम्भ होने के कुछ ही दिन पूर्व जारी किया गया था। यह वह काला कानून है जिसका श्रमिक वर्ग द्वारा विरोध किया गया है। यह एक ऐसा विधेयक है जिसके द्वारा निष्पक्ष अखिल भारतीय स्तर पर भरती नहीं की जाएगी वरन क्षेत्रीय और राजनीतिक हितों को ध्यान में रख कर भरती की जायेगी।

जहां तक ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक कार्यों का सम्बन्ध है सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाएं खोलना समाप्त कर दिया है। क्या दांत वाला समिति नियुक्त नहीं की गई थी तथा क्या इस समिति की नियुक्ति के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक की शाखाओं का विस्तार अवरुद्ध नहीं हुआ है।

यदि सरकार का उद्देश्य समस्त नीति में परिवर्तन करना है तो उसमें सरकार सफल हुई है। जनता पार्टी के सत्ता में आने के समय औद्योगिक उत्पादन विकास की दर 10.6 प्रतिशत थी और अब वह कम होकर 5.6 प्रतिशत रह गई है। उनके सत्ता में आने के समय रोजगार दफ्तरों में दर्ज बेरोजगारों की संख्या 96 लाख थी और अब यह बढ़ कर 108 लाख हो गई है। इस प्रकार बेरोजगारी में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पांचवीं योजना में सरकारी क्षेत्र में पिछली योजना की तुलना में 160 प्रतिशत अधिक रुपया लगाया गया था जबकि छठी योजना में यह वृद्धि केवल 60 प्रतिशत होगी। सरकारी पक्ष के सत्ता में आने के पहले वर्ष में 60 लाख काम के दिन बेकार गए और अब इसकी संख्या बढ़कर 110 लाख दिन हो गई है। इन शब्दों के साथ मैं इस काले विधेयक का पूरी तरह विरोध करता हूं।

श्री ए० के० राय (धनबाद) : मैं आपका ध्यान लेखा कार्य के एक बहुत मामूली मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं। एक दिन की संयुक्त बैठक पर 2 लाख रुपये से अधिक खर्च आता है फिर इसकी उपयोगिता क्या है? किस उद्देश्य से इतना रुपया व्यय किया गया है वित्त मंत्री ने बताया है कि वे कुछ बचत करना चाहते हैं तथा बैंककारी सेवा आयोग के अध्यक्ष पद को समाप्त करना चाहते हैं। यदि वे इस प्रकार की बचत करना चाहते हैं तो ऐसे मन्त्रीं को प्रशिक्षण के लिये एक बैंककारी सेवा आयोग की आवश्यकता है।

मैं यह कहना चाहता हू कि प्रश्न समाजवाद और पूंजीवाद का नहीं है वरन सामन्तवादी समाजवाद और समाजवाद विरोधी तत्वों का है। हमें कांग्रेस के समान्तवादी समाजवाद और जनता पार्टी की मसाजवाद विरोधी धारा के बीच चुनाव करना है।

मैं इस विधेयक का इसलिये विरोध करता हूं कि क्योंकि यह प्रगतिशील नहीं है और इससे विकेन्द्रीकरण नहीं होगा और इससे विघटन बढेगा तथा सामन्तवाद, प्रादेशिकता, भाई-भतीजावाद और अक्षपात बढ़ेगा। मैं चाहता हू कि सभी सदस्य इस विधेयक का एकजुट होकर विरोध करें।

वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : यह कहा गया है कि आयोग की स्थापना और उसके निरसन के बाद सभी नियुक्तियां अवैध हो जायेंगी। अधिनियम की धारा 15(1) के अधीन आयोग द्वारा अधिसूचित किये जाने तक बैंकों में नियुक्तियां पूर्ववत् होती रहेंगी। धारा 15(I) के अधीन यह अधिसूचना अभी तक जारी नहीं की गई है। अतः कोई कानूनी अड़चन नहीं आयेगी।

यह भी कहा गया है कि जब हम विरोध पक्ष में थे तब हमें अध्यादेश जारी किये जाने का विरोध करते थे। किन्तु हमारा विरोध अध्यादेश जारी करने के लिये नहीं होता था वरन वह विरोध संसद् के सत्र के प्रारम्भ होने के तुरन्त पहले तथा समाप्त होने के तुरन्त बाद ही अध्यादेश जारी करने पर होता था। यह कहा है कि सरकार का

उद्देश्य संसद् के समक्ष आने से बचना अथवा उसको टालना है। अधिनियम में उत्तर दायित्व डालने की बात कही गई है और यदि अधिनियम से छुटकारा पाने की बात की जाये तो किसी प्रकार का उत्तरदायित्व नहीं रह जायेगा। उत्तरदायित्व से बचने का कोई प्रश्न ही नहीं है। संसद् को उस सब की जानकारी दी जायेगी जो नई प्रक्रिया के अन्तर्गत किया जायेगा।

एक माननीय सदस्य ने कहा है कि इससे उन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं होगी जिसके लिये बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया था ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने तथ्यों को देखने का कष्ट नहीं किया है। तत्कालीन प्रधान मंत्री ने जुलाई 1969 में दोनों सदनों के समक्ष बैंक राष्ट्रीयकरण के उद्देश्य यह बताये थे :—

(एक) जनता की बचत को अधिकाधिक सीमा तक उपयोग करना तथा योजना की प्राथमिकताओं के अनुसार उसे उत्पादक कार्यों में लगाना।

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या पिछले 14 महीनों में क्या ऐसी कोई बात हुई है जिससे उन्हें यह आभास होता हो कि ऐसा नहीं हो रहा है या उसमें कमी आई है।

(दो) बैंककारी प्रणाली के कार्यचालन सामाजिक उद्देश्यों के अनुसार होना चाहिये तथा कठोर सरकारी विनियमों के अनुसार होने चाहिएं। अभी भी ऐसा किया जा रहा है। इसके द्वारा गैर सरकारी क्षेत्र के उद्योग व्यापार की ऋण की आवश्यकताओं को पूरा किया जायेगा। चौथी बात यह है कि बैंकों का यह प्रयास होगा कि अर्थव्यवस्था के उत्पादन क्षेत्रों विशेष रूप से किसानों, लघु उद्योगों तथा स्वनियोजन के व्यावसायिक वर्गों की अधिकाधिक मांग पूरी की जाये।

पहिले की अपेक्षा इन बातों पर आज अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

राष्ट्रीयकृत बैंक बचत की राशि में वृद्धि करने तथा उसका उपयोग करने में पहिले से अधिक सफल रहे हैं। आज बैंक उद्योग तथा व्यवसाय के अपेक्षाकृत क्षेत्रों को अधिक ऋण देने में सफल रहे हैं। सट्टेबाजी के प्रयोजन के लिये ऋण देने में रोक लगी है सरकार ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लिये जो सामाजिक लक्ष्य रखे थे उनको पूरा करने के लिये सरकार ने सक्रिय कार्यवाही की है।

जब हमने सत्ता संभाली तो 750 समुदाय विकास ब्लाकों में कोई बैंक नहीं था। एक वर्ष के अन्दर अब बिना बैंक वाले ब्लाकों की संख्या घटकर केवल 250 रह गई है। हमारा इरादा यह है कि जून 1978 तक सभी समुदाय विकास ब्लाकों में बैंक की व्यवस्था हो जाये। हमने समूचे देश में ब्याज की भिन्न दर की योजना लागू करदी है।

श्री पाई ने कहा है कि अधिनियम में स्वयं अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षण का उपबन्ध है। यह प्रशासनिक निदेशों से बेहतर है। ऐसे उपबन्ध आवश्यक हैं। यद्यपि भूतपूर्व सरकार के दौरान अधिनियम में उपबन्ध था और वे कहते भी थे कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण होना चाहिये था किन्तु हुआ कुछ नहीं। बैंकों में इन लोगों की भर्ती के लिये कोई नियम नहीं थे।

अब हमने अनुदेश जारी किये हैं कि बैंकों में अनुसूचित जातियों के लिये 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जन जातियों के लिये 7.5 प्रतिशत का अनुपात होना जरूरी है। सभा को यह जानकर हर्ष होगा कि 1977 में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की कुल भर्ती 30 प्रतिशत से अधिक रही है।

ये बैंक आल इंडिया बैंक हैं। इस तरह हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक क्षेत्र में यथासंभव अधिकाधिक लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाये जोकि क्षेत्रीय भाषाओं में बात कर सकते हैं। यही एक मात्र आवश्यक और वास्तविक कदम है। हमने वास्तव में एक प्रगतिशील कदम उठाया है और हम उन लक्ष्यों की प्राप्ति कर लेंगे जोकि हमारे दिमाग में है।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि बैंककारी सेवा आयोग अधिनियम 1975 का निरसन करने वाले विधेयक पर लोक सभा द्वारा पारित किन्तु राज्य सभा द्वारा अस्वीकृत रूप में पर्यालोचन के प्रयोजनार्थ विचार किया जाये।"

मत विभाजन हुआ

DIVISION TOOK PLACE

अध्यक्ष महोदय: प्रत्येक सदस्य को एक स्लिप दी जायेगी जोकि दोनों ओर छपी हुई है । उसमें सदस्य अपना नाम डिवीजन संख्या तथा जिस सभा के हैं वह लिखेंगे। जिस तरफ हरे रंग में छपा हुआ है वह "पक्ष" के लिये है तथा जिस तरह लाल रंग में छपा है वह "विपक्ष" के लिये है। सदस्य जैसा भी चाहें साफ-साफ लिख दें ।

श्री सौगत राय (बैरकपुर) : मत विभाजन के लिये अपनाई गई प्रक्रिया पर मुझे आपत्ति है।

अध्यक्ष महोदय : मैं नियम के अनुसार चल रहा हूं।

श्री के० लक्कप्पा : यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी प्रकार की हेराफेरी न हो ।

अध्यक्ष महोदय : मत विभाजन का परिणाम निम्न प्रकार है :

पक्ष में 439 विपक्ष में 208

AYES 439 *NOES* 208

श्री भूपेश गुप्त : मैं अपना संशोधन संख्या 7 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री शंकर घोष : मैं अपना संशोधन 8 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री भूपेश गुप्त ने खंडों पर बोलते हुए कहा : मैंने विधेयक को भूतलक्षी प्रभाव देने वाले प्रस्तावित खंड पर एक संशोधन दिया था । मैं इसे भूतलक्षी प्रभाव नहीं देना चाहता। यहां "नियुक्ति का दिन" का अर्थ 19 सितम्बर है। किन्तु मेरा प्रस्ताव यह है कि "नियुक्ति का दिन" वह दिन होगा जिस दिन राष्ट्रपति ने इस विधेयक पर अपनी सहमति दी होगी । सैद्धान्तिक रूप से मैं इसे संसदीय विधान द्वारा भूतलक्षी प्रभाव देने के पक्ष में नहीं हूं ।

राज्य सभा ने विधेयक को अस्वीकार कर दिया था और अध्यादेश व्यपगत हो गया था । बैंककारी सेवा वजूद में आ गई थी और वह वजूद में रही। सरकार ने राज्य सभा तथा संसद् की भावनाओं का आदर नहीं किया, क्योंकि अधिनियम मौजूद था । फिर भी उन्होंने कार्यालय नहीं खोला। बैंककारी सेवा आयोग के अध्यक्ष ने सेवा आरम्भ करने के लिये चर्चा करने हेतु कई पत्र लिखे थे। इस बात के होते हुए भी कि अध्यादेश व्यपगत हो गया है सरकार ने किसी पत्र का उत्तर नहीं दिया। इसलिये मैं इस समूचे मामले को गैरकानूनी समझता हूं ।

श्री शंकर घोष : मैं अपना संशोधन, संख्या 8 पेश करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : मंत्री जी, क्या आपको उनका संशोधन स्वीकार है ?

श्री एच० एम० पटेल : जी नहीं।

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री भूपेश गुप्त का संशोधन संख्या 7 मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

The amendment No. 7 was put and negatived.

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री शंकर कोप का संशोधन संख्या 8 मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

The amendment No. 8 was put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 2 was added to the Bill

खण्ड 3 और 4 विधेयक में जोड़ दिये गये।

Clauses 3 and 4 were added to the Bill

खण्ड 5

CLAUSE 5

अध्यक्ष महोदय : इस खण्ड पर संशोधन संख्या 3 एक सरकारी संशोधन है।

श्री सौगत राय (बैरकपुर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 108 (4) के अनुरूप नहीं है। मेरी आपत्ति यह है कि यह एक प्रतिस्थापन संशोधन है तथा केवल विधेयक के पास करने में हुए विलम्ब से सम्बन्धित नहीं है। इसलिये यह नियमानुकूल नहीं है और इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

अध्यक्ष महोदय : मैंने इस मामले पर विचार किया है। यह संशोधन अनुच्छेद 108(4) के परन्तुक (क) के अन्तर्गत ग्राह्य है। आप की आपत्ति अस्वीकार की जाती है।

श्री एच० एम० पटेल: मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

पृष्ठ 3, पंक्ति 4 से 8 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये :

"व्यावृत्ति। 5(1) बैंककारी सेवा आयोग (निरसन) अध्यादेश, 1977 (1977 का 10) के, जो प्रवृत्त नहीं रह गया है अधीन की गई कोई बात या कार्यवाही इस अधिनियम के तत्समान उपबंधों के अधीन की गई समझी जायेगी।

(2) इस अधिनियम की कोई बात बैंककारी सेवा आयोग के अध्यक्ष या उक्त आयोग द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति के उसको लागू सेवा की शर्तों और निबन्धनों के अनुसार उक्त अध्यादेश के प्रवृत्त न रहने की तारीख से उस तारीख तक जिसको इस अधिनियम को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है (जिसके अन्तर्गत ये दोनों तारीखें हैं) वेतन भत्ते या अन्य फायदे पाने के अधिकार पर प्रभाव डालने वाली नहीं समझी जायेगी।"

[Page-2, *for* lines 42 to 47, *substitute*—

"Savings. 5(1) Anything done or any action taken under the Banking Service Commission (Repeal) Ordinance 10 of 1977 (10 of 1977), which ceased to operate, shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of this Act.

(2) Nothing in this Act shall be deemed to affect the right of the Chairman of the Banking Service Commission or of any other person appointed by the said Commission to receive salary, allowances or other benefits, in accordance with the terms and conditions of service applicable to him, for the period from the date of cesser of operation of the said Ordinance till the date on which this Act receives the assent of the President (both days inclusive)."]

श्री बी० सी० काम्बले (बम्बई दक्षिण-मध्य) : मैं अपना संशोधन संख्या 9 पेश करता हूं :

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है कि :

पृष्ठ 3, पंक्ति 4 से 8 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये—

"'व्यावृत्ति। 5(1) बैंककारी सेवा आयोग (निरसन) अध्यादेश 1977 (1977 का 10) के, जो प्रवृत्त नहीं रह गया है, अधीन की गई कोई बात या कार्यवाही इस अधिनियम के तत्समान उपबन्धों के अधीन की गई समझी जायेगी।

(2) इस अधिनियम की कोई बात बैंककारी सेवा आयोग के अध्यक्ष या उक्त आयोग द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति के, उसको लागू सेवा की शर्तों और निबन्धनों के अनुसार उक्त अध्यादेश के प्रवृत्त न रहने की तारीख से उस तारीख तक जिसको इस अधिनियम को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है (जिसके अन्तर्गत ये दोनों तारीखें हैं) वेतन भत्ते या अन्य फायदे पाने के अधिकार पर, प्रभाव डालने वाली नहीं समझी जायेगी।"

[Page-2, *for* lines 43 to 47, *substitute*—

"Savings. 5(1) Anything done or any action taken under the Banking Service Commission (Repeal) Ordinance, 1977 (10 of 1977), which ceased to operate, shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of this Act.

(2) Nothing in this Act shall be deemed to affect the right of the Chairman of the Banking Service Commission or of any other person appointed by the said Commission to receive salary, allowances or other benefits, in accordance with the terms and conditions of service applicable to him for the period from the date of cesser of operation of the said Ordinance till the date on which this Act receives the assent of the President (both days inclusive)."]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : अगला संशोधन श्री काम्बले का है। पहले स्वीकार किये गये संशोधन के संदर्भ में उन का संशोधन ग्राह्य नहीं रहता। अब प्रश्न यह है :—

"कि खण्ड 5 संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted.

खण्ड 5, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया।
Clause 5, as amended, was added to the Bill.

खण्ड 1

CLAUSE 1

श्री एच० एम० पटेल : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

पृष्ठ 1, पंक्ति 4 में,

"1977" के स्थान पर "1978" प्रतिस्थापित किया जाए।

[Page 1, line 4, *for* "1977" *substitute* "1978"]

श्री भूपेश गुप्त : मैं अपना संशोधन संख्या 5 पेश करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

पृष्ठ 1, पंक्ति 4, में "1977" के स्थान पर "1978" प्रतिस्थापित किया जाये।

[Page 1, line 4, *for* "1977" *substitute* "1978"]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री भूपेश गुप्त का संशोधन संख्या 5 मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

The amendment No. 5 was put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

खंड 1, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 1. as amended, was added to the Bill.

अधिनियमन सूत्र

The Enacting Formula

श्री एच० एम० पटेल : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"पृष्ठ 1, पंक्ति 1, में "अठाईसवें" के स्थान पर "उन्तीसवें" प्रतिस्थापित किया जाये।

[Page 1, line 1. *for* "Twenty eighth" *substitute* "Twenty-ninth]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है।

"पृष्ठ 1, पंक्ति 1, में "अठाईसवें" के स्थान पर "उन्तीसवें" प्रतिस्थापित किया जाये।

[Page 1, line 1, *for* "Twenty eighth" *Substitute "Twenty-ninth"*

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि अधिनियमन सूत्र, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted

अधिनियमन सूत्र, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया।
The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिया गया।
The Title was added to the Bill

श्री एच० एम० पटेल : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक, संशोधित रूप में पास किया जाये

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

"कि विधेयक, संशोधित् रूप में पास किया जाये।"

प्रो० पी० जी० मावलंकर (गांधी नगर) : मैं इसे अपना विशेष सौभाग्य समझता हूं कि मुझे संयुक्त बैठक के ऐतिहासिक अवसर पर बोलने का अवसर दिया गया है। मैंने लोक सभा में इस विधेयक के पक्ष में तभी मत दिया था, जब कि वित्त मंत्री ने यह आश्वासन दे दिया था कि जनता सरकार की नीति राष्ट्रीयकरण के पक्ष में ही नहीं अपितु उसे और सुदृढ़ करने की है, क्योंकि राष्ट्रीयकरण से ही सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक दृष्टि से पिछड़े हुए लोगों की सहायता की जा सकती है।

यह विधेयक पिछली संसद् द्वारा आपात की अवधि में पास किया गया था .... (व्यवधान)

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : माननीय सदस्य को बोलने दीजिये। (व्यवधान)

श्री सी० एम० स्टीफन (इदक्की) : एक व्यवस्था का प्रश्न है। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि तृतीय वाचन में विधेयक का या तो समर्थन किया जाता है या उसका विरोध किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य बातों को नहीं उठाया जा सकता। श्री मावलंकर ऐसी बातें कर रहे हैं, जिसका विधेयक के समर्थन अथवा विरोध से कोई सम्बन्ध नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : ऐसा कोई नियम तो नहीं है, फिर भी परम्परा है कि तृतीय वाचन में विवादग्रस्त बातों को नहीं उठाया जाता। मैं श्री मावलंकर से अनुरोध करूंगा कि वह विवादग्रस्त बातें न उठायें।

श्री पी० जी० मावलंकर : महोदय, मुझे आपका आदेश मान्य है। मैं मूल विधेयक का, जिस का निरसन किया जा रहा है विरोधी हूं और वर्तमान विधेयक का समर्थन करता हूं।

नई सरकार की क्षेत्रीय बोर्डों की नीति से भर्ती केवल सुगम और व्यावहारिक हो जायेगी, अपितु क्षेत्रीय आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सकेगा। मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक, संशोधित रूप में पास किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The motion was adopted

अध्यक्ष महोदय : विधेयक संशोधित रूप में पास किया गया।"

संसद् के सदनों की संयुक्त बैठक समाप्त होती है।

इसके बाद संसद के सदनों की संयुक्त बैठक समाप्त हुई।
The Joint sitting of the Houses of Parliament then concluded.

P.L.S. 48 (J.S.) I. 1.78(N)
340

© 1978 प्रतिलिप्याधिकार लोक-सभा सचिवालय को प्राप्त

संसद के सदन (संयुक्त बैठक तथा संदेश) नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत प्रकाशित और भारत सरकार मुद्रणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रित

© 1978 By The Lok Sabha Secretariat

Published under Rule 8 of the Houses of Parliament (Joint Sittings and Communications) rules and Printed at the Government of India Press, Faridabad